ACHIEVING NEW HEIGHTS

# Lords Chloro Alkali Limited

A-263, IInd Floor, Defence Colony, New Delhi-110 024
Phones :+91-11-46865999, 41627937
Fax :+91-11-46865930
Web : www.lordschloro.com
E-mail : contact@lordschloro.com

**Date: 9th May, 2018**

**To,**
**The General Manager,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street, Fort,**
**Mumbai 400 001**

**BSE Scrip Code: 500824**

**Sub: Submission of newspaper advertisements as per Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir,

Pursuant to the provisions of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith the copies of the newspaper advertisements published in the English and Hindi newspaper regarding the intimation of the Board meeting.

Kindly take the above in your record.

Yours faithfully
**For Lords Chloro Alkali Limited**

**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

Registered Office : SP-460, Matsya Industrial Area, Alwar-301030 (Rajasthan)
Phone : 0144-3202817 Fax : 0144-2881360

mint or nothin
THE MOST AWESOME BUSINESS DAILY THER

To get your MINT copy,
SMS 'NEWMINT' to 5424
or give a missed call to 80100
or visit www.mintreaders.c

**LORDS CHLORO ALKALI LIMITED**

**(CIN : L24117RJ1979PLC002099)**

**Regd Office** : SP-460, Matsya Industrial Area, Alwar-301030 (Rajasthan)
**Corp. Office** : A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110024
**Phone:** 011-46865999, 41627937; **Fax:** 011-46865930
**Web:** www.lordschloro.com; **E-mail** : contact@lordschloro.com

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the Meeting of Board of Directors of the Company will be held on **Wednesday, the 16th May, 2018 at 5:00 P.M.** at its Corporate Office at A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi - 110024, to, inter-alia, for consideration, approval, adoption and publication of Audited Financial Results for the financial ended on 31st March, 2018.

The said Notice may be accessed on the Company's Website i.e. www.lordschloro.com and may also be accessed at Stock Exchange Website at www.bseindia.com.

**By Order of the Board of Directors**
**For Lords Chloro Alkali Limited**
Sd/-
**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

**Place** : New Delhi
**Date** : 8th May, 2018

mint

TOLET

WEST DELHI

**INDUSTRIAL SHED** 1500 Sq. Yds Size with 90 K.W installed power. Avail. for Rent in Kanjhawla Indl. Area. Cont. 9911394440, 9873653154

DWARKA

**LEASE 1500-2000** ft. Commercial

CENTRAL DELHI

**CONNAUGHT PLACE** and It's near area required around 2500 sqft. Office space on rent for Limi Company preferably furnished.# Gupta 9212426000, 9971996000

**YOGESHWAR BUILDING,** Middle Circle Furn. office, Third fl with Lift, Reception, 4 Cabins, 10 Wkstns, Bath & Pantry, Area: 9 Sq.Ft. # Rajesh Ahuja : 981000168

**BARAKHAMBA RD,** Furn. office Rece., 4 Cabins, 8 Seater Meeting Room, 10 Wkstns, 2 bath & Pantry in Kanchenjunga Building, Area:

flat at the Room another at Palm Studio. furnished/ unfurnished ner #9971631377

**CATION** Shop/ Showroom Shopping Complex DLF-I or 1550 sq. ft. Brokers all/ WhatsApp 9555920515

PUNJAB

SAR MALL ROAD
RIME LOCATION

GURGAON

**FULLY FURNISHED** Office in Ansal Plaza, Sushant Lok-1,A-Block near MG Road Metro Stn. Area 550 Sft on 1st floor. 100% Power Back Up Res. Parking. Owner 98990-31131

**SECTOR-44, GURGAON** office space 5000-15000 sq.ft. (3 floors), fully furnished, AC, power back up, parking. # Owner, MM Gupta 9810001620

**SEC.-28, 4B/R,** FF, 2800sq.ft.

FARIDABAD

**FOR LEASE/RENT** Corporate Office 3000-1 Lakh sq ft. Furnished/ Unfurnished in Faridabad, Nr Metro Station. Cont. Jatwani 9311026272, 9811026272

NOIDA/GREATER NOIDA

**NOIDA SEC-39,** Kothi FF, 309sqm, 2BHK, Drawing + Dining +Park

विश्व समाचार / कूटनीति

## सार समाचार

### आर्मीनिया में विपक्षी नेता प्रधानमंत्री निर्वाचित

**येरवान, एएफपी।** आर्मीनिया की ससंद ने आज विपक्षी नेता निकोल पशीनयान को प्रधानमंत्री चुन लिया। इसके साथ ही देश का राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है। संसद में प्रधानमंत्री पद के लिए पशीनयान के पक्ष में 42 के मुकाबले 59 वोट पडे.। सत्तारुढ़ रिपब्लिकन पार्टी ने पशीनयान के दूसरे प्रयास में प्रधानमंत्री बनने की उनकी कोशिश का समर्थन किया था। पशीनयान ने कई हफ्तों तक सत्तारुढ़ रिपब्लिकन पार्टी के विरुद्ध जनांदोलन की अगुवाई की थी। संसद में मतविभाजन से पहले उन्होंने कहा था , '' अपने निर्वाचन के बाद मेरा पहला काम देश में सामान्य जनजीवन सुनिश्चित करना होगा। आर्मीनिया में भ्रष्टाचार नहीं होगा। आर्मीनिया अंतत : राजनीतिक उत्पीड़न के पन्ने को पलट देगा। '' उधर , रिपब्लिकन पार्टी के संसदीय दल के प्रमुख वग्राम बागदसार्यन ने मतविभाजन से पहले कहा , '' हमने अपना रुख नहीं बदला। हम निकोल पशीनयान की उम्मीदवारी के खिलाफ हैं लेकिन हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण देश में स्थायित्व सुनिश्चित करना है। '' एक सौ पांच सदस्यीय विधानमंडल में 58 सांसदों वाली रिपब्लिकन ने दूसरी कोशिश में जब पशीनयान का समर्थन करने का वादा किया तब उन्होंने प्रदर्शन खत्म करने का आह्वान किया।

### न्ययार्क के अटार्नी जनरल ने दिया इस्तीफा

**न्यूयार्क, रायटर।** अमेरिका में न्यूयार्क के अटार्नी जनरल इरिक सचनेइदर्मन ने चार महिलाओं द्वारा शारीरिक शोषण का आरोप लगाने के बाद अपना इस्तीफा दे दिया। न्यूयार्क की पत्रिका के एक लेख में अटार्नी जनरल द्वारा चार महिलाओं का शारीरिक शोषण करने की खबर प्रकाशित हुई थी जिसके कुछ घंटे बाद ही गवर्नर एंड्रयू क्यूमो ने उनसे इस्तीफा मांग लिया। श्री सचनेइदर्मन ने अपने बयान में कहा, 'पिछले कई घंटों में मेरे ऊपर गंभीर आरोप लगाये गये। मैं इन आरोपों का विरोध करता हूं। इन आरोपों का मेरे पेशेवर आचरण और कामकाज से कोई संबंध नहीं है। इन आरोपों के चलते मैं कार्यालय में प्रभावी ढ़ंग से कामकाज नहीं कर सकता। इसलिए मैं अपने पद से इस्तीफा देता हूं।'

## अमेरिकी संसदीय समिति ने पाक को सशर्त सहायता देने को कहा

**वाशिंगटन ■ भाषा**

आतंकवाद विरोधी कार्यक्रमों के लिए पाकिस्तान को अमेरिका द्वारा दी जाने वाली 35 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता पर अमेरिकी संसद की प्रभावशाली समिति ने कुछ शर्तें लगाई हैं। इन शर्तों का मकसद पाकिस्तान पर हक्कानी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई के लिए दबाव बनाना है।

अमेरिका पाकिस्तान पर हक्कानी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करने का लगातार दबाव बनाता रहा है।

हक्कानी नेटवर्क ने अफगानिस्तान में अमेरिकी हितों के खिलाफ अपहरण और हमलों की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। तालिबान से संबंधित यह समूह अफगानिस्तान में भारतीय हितों के खिलाफ हुए कई घातक हमलों के लिए भी जिम्मेदार माना जाता है। इसमें 2008 में काबुल में भारतीय दूतावास में किए गए विस्फोट की घटना भी शामिल है जिसमें 58 लोग मारे गए थे। सदन की सशस्त्र सेवा समिति ने कल राष्ट्रीय रक्षा प्रमाणन ( एनडीएए ) विधेयक का अपना संस्करण जारी करते हुए कहा कि पाकिस्तान को दी जाने वाली प्रस्तावित 70 करोड़ डॉलर की सहायता राशि में से 35 करोड़ डॉलर की राशि तब तक न जारी की जाए जब तक रक्षा मंत्री कांग्रेस को यह विश्वास नहीं दिला देते कि पाकिस्तान ने हक्कानी नेटवर्क के आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

एनडीएए के 700 पन्नों में पेश मसौदे के मुताबिक वह पाकिस्तान को गठबंधन समर्थन निधि ( सीएसएफ ) के नाम पर 70 करोड़ डॉलर अधिकृत करता है।

विधेयक में कहा गया , " इस राशि में से 35 करोड़ डॉलर से ज्यादा राशि तब तक नहीं दी जानी चाहिए जब तक कि रक्षा मंत्री यह भरोसा न दिला दें कि पाकिस्तान हक्कानी नेटवर्क के खिलाफ स्पष्ट तौर पर कदम उठा रहा है। "

### पाक नागरिक ने गुनाह कबूला

**वाशिंगटन, भाषा।** पाकिस्तान सरकार की तरफ से अमेरिका में दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए लामबंदी करने वाले एक पाक नागरिक ने विदेशी एजेंट के रूप में पंजीकरण नहीं कराने के मामले में अपना गुनाह कबूल कर लिया है। न्याय विभाग ने इसकी जानकारी दी है । पाकिस्तानी नागरिक और कानूनी तौर पर अमेरिका में स्थाई तौर पर रह रहा निसार अहमद चौधरी स्वयं को पाकिस्तान अमेरिकी लीग के अध्यक्ष के रूप में पेश किया करता था। न्याय विभाग ने कल बताया कि चौधरी ने कानूनी तौर पर जरूरी पंजीकरण हलफनामा अटार्नी जनरल के पास नहीं दाखिल किया। इसमें चौधरी को पाकिस्तान सरकार की तरफ से उसकी गतिविधियों की जानकारी देनी थी। विभाग ने कहा है कि चौधरी को इस मामले में अधिकतम पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। इस मामले में पाक नागरिक को 30 जुलाई को सजा सुनायी जाएगी । आरोपी ने झूठी सूचना दी कि पाकिस्तान के संबंध में उसकी गतिविधियां पूरी तरह शैक्षिक प्रवृत्ति की हैं और वह अमेरिका तथा पाकिस्तान के बेहतर संबंधों को प्रोत्साहित करने की अच्छी मंशा से काम कर रहा है। चौधरी के 2012 से 2018 तक के अनुरोध पत्र के अनुसार उसने पाक सरकार के लिए और पाकिस्तान के हित में राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए वहां की सरकार के एजेंट के रूप में काम किया था । इन गतिविधियों को चौधरी ने पाकिस्तान के बारे में अमेरिकी सरकार की नीतियों की स्थिति और जानकारी के लिए अमेरिकी सरकार के अधिकारियों और अमेरिकी विदेश नीति को पाकिस्तान के प्रति प्रभावित करने के लिए डिजाइन किया था।

## हरीरी की पार्टी एक-तिहाई संसदीय सीटें हारी

**बेरूत ■ आईएएनएस**

लेबनान के प्रधानमंत्री की पार्टी 'फ्यूचर मूवमेंट' रविवार को हुए संसदीय चुनाव में अपनी एक तिहाई सीटें हार गई है। पार्टी ने सिर्फ 21 सीटें जीती हैं, जो पिछले चुनाव में जीती 33 सीटों से 12 कम है।

समाचार एजेंसी एफे के मुताबिक, बेरूत में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री साद हरीरी ने कहा कि उन्हें रविवार को हुए चुनाव में बेहतर नतीजों की उम्मीद थी ताकि उनकी सुन्नी मुस्लिम पार्टी अधिक इसाई और शिया मुस्लिम सदस्यों के साथ अधिक बड़ा गठबंधन बना सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी को चुनाव में बेहतर नतीजें हासिल करने के लिए थोड़ा और प्रयास करना चाहिए था।

हरीरी ने रविवार को हुए 49.2 फीसदी मतदान प्रतिशत के लिए नए चुनाव कानून को लोगों द्वारा नहीं समझ पाने को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। देश में पहली बार चुनाव की आनुपातिक प्रणाली लागू की गई है, जिससे विदेश में रह रहे लेबनान के लोगों को भी मतदान देने का अधिकार मिल जाएगा।

### कान ने यौन उत्पीड़न की शिकायत के लिए हॉटलाइन स्थापित किया

**कान , भाषा।** कान फिल्मोत्सव में अब कुछ भी पहले जैसा नहीं रहा है ।प्रेस शो खत्म कर दिए गए हैं और देर रात दिखाई जाने वाली फिल्मों की समीक्षाओं पर लंबे एंबार्गो लगा दिए गए हैं। फिल्मोत्सव के दौरान यौन उत्पीड़न की शिकायतों के लिए एक हॉटलाइन की स्थापना की घोषणा भी की गई है । कान फिल्मोत्सव के 71 वें संस्करण का आगाज आज स्पेनिश भाषा में ईरानी फिल्मकार असगर फरहादी की जैवियर बारडेम और पेनेलोप क्रूज अभिनीत फिल्म के प्रदर्शन से हो रहा है। प्रदर्शन में शामिल फिल्मों की सूची ने समालोचकों और फिल्मोत्सव कवर कर रहे पत्रकारों के एक हिस्से को हैरान - परेशान कर दिया है।

## खालिदा जिया की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**ढाका ■ आईएएनएस**

बांग्लादेश में सर्वोच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के आरोप में पांच साल की सजा काट रही विपक्ष की नेता और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। 'डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश सैयद महमूद हुसैन के नेतृत्व वाली चार सदस्यीय पीठ ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की नेता के पक्ष की सुनवाई बुधवार को करने का आदेश दिया।



पहले से ही राजद्रोह, हिंसा और भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसी खालिदा को विशेष अदालत ने आठ फरवरी को उनके गैर सरकारी संगठन 'जिया अनाथालय ट्रस्ट' को मिले 2,52,000 डॉलर के विदेशी चंदे के गबन में दोषी पाया।

उच्च न्यायालय ने 12 मार्च को उन्हें चार महीने की जमानत देने का आदेश दिया था। सरकार और भ्रष्टाचार निरोधक आयोग द्वारा इसके खिलाफ याचिका दायर करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के अधिवक्ता खुर्शीद आलम खान ने कहा कि खालिदा के अपराध की गंभीरता को देखते हुए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती।

## अमेरिका के हवाई में ज्वालामुखी विस्फोट

**हवाई ■ रायटर**

अमेरिका के हवाई में ज्वालामुखी विस्फोट से 35 घर तबाह हो गये हैं और कई अन्य इमारतों का भी नुकसान पहुंचा है। ज्वालामुखी के लावे की लपटें 300 फुट की ऊंचाई तक उठ रहीं है।

आधिकारिक सूत्रों ने कल स्थानीय निवासियों को निर्देश दिया कि वह कुछ समय के लिए अपने घर जा सकतें हैं लेकिन उन्हें चेतावनी मिलते ही अपने घरों को छोड़कर भागना होगा। किलाउआ ज्वालामुखी फटने के कारण वहां से सुरक्षित स्थानों पर ले जाये गये 1700 से अधिक लोगों रविवार और सोमवार को दिन के समय अपने घरों का दौरा करने की अनुमति दी गयी है। हवाई की सिविल डिफेंस एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि लोग चेतावनी मिलते ही अपने घरों को छोड़कर भागने के तैयार रहें। घातक ज्वालामुखीय गैसों के कारण सोमवार को लानिपुना गार्डन से घर लौटने वाले लोगों को घर वापसी से रोका गया था।

हवाई के अधिकारियों ने बताया कि ज्वालामुखी से 19 किलोमीटर दूर स्थित लीलानी एस्टेट में ज्वालामुखी उगलने के कारण जगह-जगह जमीन फट गई है जिससे विषाक्त गैस और भाप निकल रही है। यहां खतरनाक सल्फर डाइऑक्साइड गैस वातावरण में फैलने के कारण लोगों को वहां से निकाला गया। इस गैस का स्तर बढ़ने पर यह जानलेवा साबित होती है। एजेंसी ने कहा 'लीलानी के निवासियों को हमारी मदद की ज़रूरत है। यह दर्शनीय स्थलों की यात्रा का समय नहीं है। आप इस जगह से दूर रहकर हमारी मदद करेंगे।' ज्वालामुखी फटने और लावे की लपटें निकलने से अब तक किसी के हताहत की कोई सूचना नहीं है लेकिन सिविल डिफेंस एजेंसी ने कहा इससे 35 घर तबाह हो गये हैं और कई मकानों को नुकसान पहुंचा है।

### सीरिया में रूसी सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**मास्को, रायटर।** पूर्वी सीरिया में रूसी सेना का एक केए-52 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें दो पायलटों की मौत हो गयी। समाचार एजेंसी तास ने रूस के रक्षा मंत्रालय के हवाले से आज इस बात की जानकारी दी। तास की रिपोर्ट के मुताबिक सीरिया के पूर्वी क्षेत्रों में पूर्व नियोजित उड़ान के दौरान एक रूसी सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है जिसमें हेलीकॉप्टर में सवार दोनों पायलटों की मौत हो गयी। गौरतलब है कि तीन मई को सीरिया में उड़ान भरने के तुरंत बाद एक रूसी सुखोई-30एसएम लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें चालक दल के दोनों सदस्य मारे गए थे।

कारपोरेट हलचल / कंपनियां / बैंक

## वॉलमार्ट-फ्लिपकार्ट का सौदा पक्का होने के करीब

**नई दिल्ली ■ भाषा**

दुनिया की सबसे बड़ी खुदरा कंपनी वालमार्ट और भारतीय आनलाइन बाजार मंच फ्लिपकार्ट के बीच अधिग्रहण का सौदा जल्द पक्का होने की उम्मीद है। वालमार्ट भारतीय कंपनी में 60 से 80 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की बात कर रही और अनुमान है कि यह सौदा करीब 15 अरब डॉलर के करीब का है। मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि इस सौदे के पूरा होने की घोषणा अब किसी भी दिन हो सकती है।इसमें फ्लिपकार्ट के कुछ कुछ बड़े निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे।

कहा जा रहा है कि जापान की सॉफ्टबैंक ग्रुप कॉर्प और टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट फ्लिपकार्ट में अपनी 20-20 प्रतिशत की हिस्सेदारी बेचेगी। सूत्रों ने कहा कि वालमार्ट फ्लिपकार्ट की 60-80 प्रतिशत हिस्सेदारी ले सकती है और भारतीय कंपनी का मूल्य करीब 20 अरब डॉलर आंका जा सकता है। शोधकर्ता कंपनी सीबी इनसाइट्स ने पिछले वर्ष फ्लिपकार्ट का मूल्य करीब 12 अरब डॉलर बताया था। इस सौदे से वालमार्ट को भारत में खुदरा आनलाइन बाजार में अपने कदम रख्नने में मदद मिलेगी और वह यहां अमेजन के मुकाबले खड़ा होना चाहेगी। सौदे के संबंध में भेजे गए ई - मेल पर फ्लिपकार्ट और वालमार्ट ने कोई जवाब नहीं दिया है। वहीं , सॉफ्टबैंक के प्रवक्ता ने कहा कि वह चर्चाओं और कयासों पर कोई टिप्पणी नहीं करेगी। सूत्रों ने कहा कि अमेजन ने भी फ्लिपकार्ट में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की पेशकश की थी लेकिन कंपनी का निदेशक मंडल वालमार्ट की पेशकश के पक्ष में है। वहीं , इस बीच फ्लिपकार्ट के सह - संस्थापक सचिन बंसल के कंपनी से बाहर होने की खबरें आ रही है। रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि बंसल अपनी 5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर कंपनी छोड़ सकते हैं। हालांकि , अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। सचिन बंसल ने 11 साल बिन्नी बंसल के साथ मिलकर फ्लिपकार्ट की स्थापना की थी। वर्तमान में 30 अरब डॉलर के ई - कॉमर्स बाजार पर फ्लिपकार्ट और अमेजन का नियंत्रण है। मार्गन स्टेनली ने ई - कॉमर्स बाजार के 2026 तक बढ़कर 200 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान जताया है।

### जुबिलेंट फूडवर्क्स का मुनाफा 10 गुना बढ़ा

**नई दिल्ली , भाषा।** जुबिलेंट फूडवर्क्स का एकल शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 10 गुना बढ़कर 68.06 करोड़ रुपये हो गया। आनलाइन बिक्री में तेजी और डोमिनोज के नए उत्पाद पेश होने से मुनाफा बढ़ा। 2016-17 की चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 6.71 करोड़ रुपये था। जुबिलेंट फूडवर्क्स के पास भारत में डोमिनोज की मास्टर फ्रेंचाइजी है। कंपनी के निदेशक मंडल ने शेयरधारकों को प्रति शेयर एक बोनस शेयर देने का प्रस्ताव मंजूर किया है। कंपनी ने नियामकीय जानकारी में कहा कि 2017-18 की मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 792.55 करोड़ रुपये हो गया , जो कि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 616.35 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष (2017-18) में उसका शुद्ध लाभ बढ़कर 206.40 करोड़ रुपये हो गया , जो कि 2016-17 में 67.25 करोड़ रुपये था।

**बिजनेस सुर्खियां**

### गुणवत्ता और कीमत पर ध्यान दे फार्मा उद्योग: प्रभु

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने भारतीय फार्मा के वैश्विक विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए आज कहा कि इसके लिए दवा उद्योग को गुणवत्ता एवं किफायती कीमत पर ध्यान देना चाहिए। श्री प्रभु ने यहां 'छठी वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय दवा एवं स्वास्थ्य देखभाल प्रदर्शनी' का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सरकार भारतीय दवा उद्योग को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय दवा उद्योग को नए बाजारों तक ले जाने का प्रयास कर रही है। ये क्षेत्र अफ्रीकी और दक्षिणी अमेरिकी देश हैं। इन देशों में उत्पाद की कीमत बहुत महत्व रखती हैं। इसके अलावा इन देशों के बाजारों में यूरोप और अमेरिकी दवा कंपनियों का आधिपत्य हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि चीन ने भी भारतीय दवा कंपनियों के लिए अपना बाजार खोलने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नए बाजारों में गुणवत्ता और किफायती कीमतों का बहुत महत्व हैं।

### गोदरेज कंज्यूमर का शुद्ध लाभ बढ़ा

**नई दिल्ली , भाषा।** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडेक्ट्स लिमिटेड ( जीसीपीएल ) का एकीकृत शुद्ध लाभ 2017-18 की चौथी तिमाही में 59.26 प्रतिशत चढ़कर 617.19 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में लाभ 387.58 करोड़ रुपये था। जीसीपीएल ने नियामकीय जानकारी में कहा आलोच्य तिमाही में कंपनी की बिक्री बढ़कर 2,494.41 करोड़ रुपये हो गयी , जो कि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 2,480.17 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि 31 मार्च 2018 को समाप्त तिमाही के बिक्री आंकड़े माल एवं सेवा कर के दायरे में थे और इसलिए एक वर्ष पहले की इसकी तिमाही से इसकी तुलना नहीं की जा सकती है। पूरे वित्त वर्ष (2017-18) में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 2016-17 में 1,307.97 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,634.18 करोड़ रुपये हो गया , इसमें 24.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### सपाट बंद हुए शेयर बाजार

**मुम्बई, वार्ता।** अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार दिन भर के उतार-चढाव के बाद मामूली बढ़त लेते हुए सपाट बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 8.18 अंक की तेजी में 35,216.32 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 2.30 अंक की बढ़त में 10,717.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की शुरूआत मजबूती के साथ 35,349.85 अकों से हुई। शुरूआती कारोबार में यह करीब 200 अंकों तक उछला और 35,388.87 अंक के दिवस के उच्चतम स्तर तक पहुंचा। लेकिन पूंजीगत वस्तुओं और सीडी समूह में हुई बिकवाली के दबाव में यह लुढ़कता हुआ 35,136.01 अंक के दिवस के निचले स्तर तक चला गया और अंततः 0.02 फीसदी की मामूली बढ़त में 35,216.32 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियां लाल निशान में और 15 हरे निशान में रहीं। निफ्टी की चाल भी सेंसेक्स की तरह रही और यह तेजी के साथ 10,757.90 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान 10,758.55 अंक के उच्चतम और 10,689.40 अंक के निचले स्तर से होता हुआ यह गत दिवस की तुलना में 0.02 फीसदी की तेजी में 10,717.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 25 कंपनियां तेजी में और 25 गिरावट में रहीं। दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी कंपनियों में भी हल्की लिवाली रही लेकिन मंझोली कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.10 फीसदी यानी 17.07 अंक की गिरावट में 16,635.31 अंक पर और स्मॉलकैप 0.10 फीसदी यानी 17.65 अंक की तेजी में 18,109.38 अंक पर बंद हुआ।

**भारत-ग्वाटेमाला व्यापार**

## आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमत

**ग्वाटेमाला सिटी ■ भाषा**

भारत और ग्वाटेमाला ने व्यापार और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति जताई और निजी क्षेत्र की कंपनियों का आह्वान किया कि वे दोनों देशों में कारोबार के अनुकूल माहौल को देखें और उसका फायदा उठाएं । ग्वाटेमाला की यात्रा पर आए उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने मेजबान देश के उनके समकक्ष जैफथ कैबरेरा के साथ कल यहां दोनों देशों के पारस्परिक आर्थिक संबंधों पर चर्चा की । किसी भारतीय उपराष्ट्रपति की यह पहली ग्वाटेमाला



यात्रा है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े प्रमुख विषयों की समीक्षा की और कृषि , संस्कृति , शिक्षा , नवीकरणीय ऊर्जा , पर्यावरण संरक्षण , व्यापार और निवेश जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक , दोनों देश व्यापार और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमत हुए हैं और दानों पक्षों ने निजी क्षेत्रों से दोनों देशों में मौजूद कारोबार के अनुकूल माहौल में संभावनाएं तलाशने और उनका लाभ उठाने के लिए कहा है। दोनों देशों ने क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचार भी साझा किया। दोनों देशों के बीच बहुपक्षीय मोर्चे पर संयुक्तराष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार और उसमें सुधार , आतंकवाद के निपटने और स्वस्थ विकास के जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत ने ग्वाटेमाला को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल होने का न्योता फिर दिया। इस यात्रा में दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के बीच उनके विदेश सेवा संस्थानों के जरिए शिक्षा के माध्यम से कूटनीतिक सहयोग मजबूत करने का करार किया गया। भारत ने ग्वाटेमाला के अंग्रेजी शिक्षकों के लिए भारत में विशेष पाठ्यक्रम आयोजित करने का आशय पत्र सौंपा। यह कार्यक्रम भारत के तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के तहत चलाया जाएगा।

### देश में चाय का रिकॉर्ड उत्पादन

**कोलकाता, वार्ता।** देश में वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान चाय का उत्पादन छह फीसदी की बढ़त के साथ रिकॉर्ड एक अरब 32 करोड़ 50 किलोग्राम पर पहुंच गया। इस अवधि में चाय निर्यात भी रिकार्ड स्तर पर पहुंचा। भारतीय टी बोर्ड ने आज बताया कि वित्त वर्ष 2016-17 की तुलना में चाय के उत्पादन में गत वर्ष 5.96 फीसदी यानी सात करोड़ 46 लाख किलोग्राम की बढ़त दर्ज की गयी। इस अवधि में देश से कुल 25 करोड़ 65 लाख किलो चाय का निर्यात किया गया और इससे 78 करोड़ 59 लाख डॉलर की राशि प्राप्त हुई जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 14 फीसदी कम रहा था। वित्त वर्ष 2016-17 की तुलना में गत वित्त वर्ष निर्यात में 12.71 फीसदी यानी दो करोड़ 89 लाख किलो की बढ़त रही।

### सोने-चांदी में 50-50 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली, वार्ता।** वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही घटबढ़ के बीच स्थानीय स्तर पर वैवाहिक मांग आने से आज दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 50 रुपये चमककर 32,230 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। औद्योगिक मांग में सुधार से चांदी भी 50 रुपये की छलांग लगाकर 40,650 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में घटबढ़ रही। लंदन का सोना हाजिर 1.25 डॉलर लुढ़ककर 1314.95 डॉलर प्रति औंस बोला गया। अमेरिका सोना वायदा हालांकि 0.3 डॉलर की बढ़त में 1314.40 डॉलर प्रति औंस पर रहा। चांदी मेंगिरावट रही।

### एशिया-प्रशांत क्षेत्र की चौथी बड़ी शक्ति भारत

**न्यूयॉर्क, भाषा।** एशिया - प्रशांत क्षेत्र के 25 देशों में भारत कुल मिला कर चौथी सबसे प्रमुख शक्ति है। एक रपट में इसे ' भविष्य की विशाल शक्ति ' बताया गया है लेकिन रक्षा नेटवर्क और आर्थिक संबंधों के मामले में यह अभी भी पीछे है। लोवी इंस्टीट्यूट एशिया पावर इंडेक्स में एशिया - प्रशांत क्षेत्र के 25 देशों को विभिन्न पैमानों पर परखा जाता है। यह सूचकांक पश्चिम में पाकिस्तान तो उत्तर में रुस और अमेरिका , ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड तक को अपने अध्ययन में शामिल करता है। इसमें किसी देश की एक बड़ी शक्ति के रुप में रैंकिंग उसके आर्थिक संसाधनों , सैन्य क्षमता , लचीलेपन , भविष्य की प्रवृत्तियां , राजनयिक प्रभाव , आर्थिक संबंध , रक्षा नेटवर्क और सांस्कृतिक प्रभाव जैसे आठ मानकों पर परखने के बाद की जाती है। ऑस्ट्रेलिया के थिंकटैंक द लोवी इंस्टीट्यूट की इस पहली सूचकांक रपट में सभी पैमानों पर मिलाकर भारत का स्थान चौथा रहा है।

**लॉड्र्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
(सीआईएन : एल24117आरजे1979पीएलसी002099)
पंजी. कार्यालय : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर - 301030, (राजस्थान)
कार्पोरेट कार्यालय : ए - 264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
फोन : 011-46865999, 41627937 फैक्स : 011-46865930
वेबसाइट : www.lordschloro.com; ई-मेल : contact@lordschloro.com

सूचना

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 16 मई, 2018 को अप. 5:00 बजे इसके कार्पोरेट कार्यालय ए - 264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024 में, अन्य के साथ, 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु कम्पनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन, अंगीकरण तथा प्रकाशन हेतु आयोजित की जाएगी।
उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामतः www.lordschloro.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट नामत : www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते लॉड्र्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड
हस्ता./-
दीपेन्द्र चौधरी
कम्पनी सेक्रेटरी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 8 मई, 2018